दिन– रविवार                                                                 दिनांक– 07 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                   अवधिः– 15 मिनट

---

01. राजगीर में पुरुषों की एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप का फाईनल आज। भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से। मैच शाम साढ़े सात बजे खेला जाएगा।

02. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से होगी शुरू।

03. विधान सभा चुनाव को लेकर राजद और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन में सीटों के बंटवारे के लिए चर्चा हुई।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सीवान जिले में पांच सौ अंठावन करोड़ पैंतीस लाख रूपये की लागत से नौ विकास योजनाओं का करेंगे शिलान्यास।

———————————————————————

एशिया कप पुरूष हॉकी चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में आज भारतीय टीम का मुकाबला मौजूदा चैंपियन कोरिया से होगा। यह मुकाबला आज शाम साढ़े सात बजे राजगीर स्थित अन्तरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने अब तक कोई भी मैच नहीं हारा है। खिलाड़ियों के जोरदार प्रदर्शन को देखते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नेतृत्व वाली टीम खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारतीय टीम यदि कोरिया के खिलाफ आज का फाइनल मुकाबला जीतती हैं तो उसे दोहरा तोहफा मिलेगा। एशिया कप खिताब के  साथ ही वह अगले वर्ष हॉलैंड और बेल्जियम में आयोजित होने वाले विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई भी हो जाएगी। कल शाम सुपर फोर स्टेज के अंतिम मुकाबले में भारतीय टीम ने एक जबरदस्त मैच में चीन की टीम को सात शून्य से पराजित किया। भारतीय टीम ने पिछला एशिया कप हॉकी चौंपियनशिप आठ वर्ष पहले जीता था। कोरिया की टीम इस खिताब को सर्वाधिक पांच बार जीत चुकी है जबकि भारतीय टीम ने तीन बार यह प्रतियोगिता जीती है। धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, राजगीर।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वस्तु और सेवाकर–जीएसटी में व्यापक सुधार से सहकारी क्षेत्र मज़बूत होंगे, उत्पाद प्रतिस्पर्धी बनेंगे, उत्पादों की माँग बढ़ेगी और सहकारी समितियों की आय में वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों के जरिये मध्यम वर्गीय परिवारों को बडी राहत और एक बहुमूल्य उपहार दिया है। श्री वैष्णव ने नई दिल्ली में कहा कि नई पीढी के जीएसटी सुधारों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग बीस. लाख करोड़ रुपये का इजाफा होने की उम्मीद है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलेगा।

––––बाईट–––

जीएसटी के रिफॉर्म से देश की आर्थिक उन्नति में भी बहुत बड़ा एक लाभ मिलेगा। अगर हम प्योर इक्नोमिक्स के प्वाइंट ऑफ व्यू से बात करें। हमारे देश की जीडीपी है करीब तीन सौ तीस लाख करोड़ की है अभी। इसमें करीब दो सौ दो लाख करोड़ हमारा कंजेप्शन है। 202 लाख करोड़ जो कंजेप्शन है ये अगर जीएसटी की इस छूट के बाद में अगर 10 प्रतिशत भी बढ़ता है तो 20 लाख करोड़ की एक्स्ट्रा जीडीपी देश में आती है, तो ये अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है बिकॉज़ प्रोडक्शन जब बढ़ता है तो स्वाभाविक है कि उसका रोजगार का इंपेक्ट आता है। स्वाभाविक है कि बहुत सारी जो जितनी हमारी आर्थिक गतिविधियां हैं वो सब बढ़ने लगती हैं।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस संबंध में आज ही एक दिशा–निर्देशिका भी जारी करेंगे, जिसमें आवेदन की प्रक्रिया और उससे जुड़ी अन्य जानकारी दी जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्‌देश्य प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक मदद करना है। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए पहली किस्त के रूप में दस हजार रूपये का भुगतान इसी महीने किया जायेगा।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर घोषणा पन्द्रह सितम्बर तक की जा सकती है। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर कल पटना में घटक दलों की बैठक में सीट बंटवारे समेत विभिन्न बिन्दुओं पर विमर्श किया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि महागठबंधन में सीट बंटवारे पर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन संयोजन समिति के अध्यक्ष तेजस्वी यादव जल्द ही सीट बंटवारें की घोषणा करेंगे।

–––बाईट–––

बैठक में कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, वाम दलों के वरिष्ठ नेता समेत इंडी गठबंधन के कई नेता शामिल हुये।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्र सरकार ने प्रदेश के आठ जिलों की दस सड़कों के लिए छह सौ पचहत्तर करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, केन्द्रीय सड़क

और बुनियादी ढांचा कोष योजना के तहत बक्सर, सारण, भागलपुर, पूर्णियां, अररिया, नवादा, मधुबनी और पूर्वी चम्पारण जिले में सड़कों का निर्माण करायेगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि इस मंजूरी के बाद प्रदेश के सुदूर क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सीवान जिले में पांच सौ अंठावन करोड़ पैतीस लाख रूपये की लागत वाली नौ विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें जिले के मैरवा, मोहम्मदपुर से छपिया—टेढ़ी घाट गोपालपुर पथ का चौड़ीकरण, सीवान रेवले स्टेशन से पचरूखी रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी का निर्माण और माधोपुर—महाराजंग में विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण सहित कई योजनायें शामिल हैं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थि रहेंगे। इन योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में की थी।

————————————————————————

पटना में मेट्रो ट्रेन का परिचालन जल्द शुरू होगा। जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस. एम. ने पटना मेट्रो के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मेट्रो के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण कर अधिकारियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया।

———बाईट———

————————————————————————

आज भाद्रपद की पूर्णिमा है। यह पूर्णिमा पितृ पक्ष की शुरुआत का प्रतीक है, जो पितरों की आत्मा की शांति के लिए महत्वपूर्ण है। आज श्रद्धालुओं द्वारा पूर्वजों के आत्मशांति के लिए फल्गु नदी में स्नान कर खीर का पिंडदान किया जायेगा। त्रिपक्षिक श्राद्ध के लिए बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र से काफी श्रद्धालु आए है जो सत्रह दिनों तक गया जी में प्रवास करेंगे और गया जी के प्रमुख वेदियों पर पिंडदान कर भगवान विष्णु से पूर्वजों की मुक्ति के लिए प्रार्थना करेंगे। इधर, पटना के पुनपुन में भी अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की शुरूआत हो गयी है। गया में पिंडदान से पहले श्रद्धालु पुनपुन नदी किनारे अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करते हैं।

————————————————————————

इधर, पितृपक्ष मेले में शामिल होने के वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रेलवे ने पुनपुन घाट हॉल्ट और अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर सोलह जोड़ी ट्रेनों को दो—दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह ठहराव इक्कीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा।

————————————————————————

उत्तर रेलवे कल से पाँच दिन तक श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन और संगलदान स्टेशन के बीच दो लोकल पैसेंजर ट्रेनें चलाएगा। इससे रियासी और रामबन में लगातार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण फंसे यात्रियों को निकालने में मदद मिलेगी। इन रेलगाड़ियों के चलने से संपर्क बहाल होगा और सड़क संपर्क शुरू होने तक यह लाइफ लाइन के रूप में काम करेगी।

———————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मॉनसून के कमजोर पड़ जाने से बारिश की गितिविधियों में कमी आई है। अधिकांश क्षेत्रों में लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिम भागों के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है।

———बाइट———

इधर, राज्य के दक्षिण—पूर्व भागों में कई स्थानों पर वज्रपात की घटना में हुई है। कटिहार जिले के कुर्सेला में वज्रपात की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को चार—चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान राशि देने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

बिहार मुक्त विद्यालय शिक्षण और परीक्षा बोर्ड, बीबोस की बारहवीं की परीक्षा के लिये पटना, गयाजी और मुजफ्फरपुर जिले में स्थापित परीक्षा केन्द्र को लेकर सूचना जारी की है। बोर्ड के अनुसार नौ और दस सितम्बर को होने वाली परीक्षा के लिए इन जिलों के कुछ परीक्षा केन्द्र में बदलाव किया गया है। इधर, परिवहन विभाग में प्रवर्तन अवर निरीक्षक के तैंतीस पदों पर चयन को लेकर आज पटना में प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— बिहार के बाद पूरे देश में शुरू होगा वोटर सत्यापन।

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जुड़ी खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है— बुजुर्ग, दिव्यांग और गर्भवती को बूथ तक लाने के लिए निःशुल्क वाहन। बुजुर्गों को बैलेट पेपर से मतदान की सुविधा।

दैनिक जागरण का शीर्षक है– दरकते रिश्तों को संभालने में जुटे मोदी और डोनाल्ड ट्रंप। अखबार लिखता है– कूटनीतिक मदभेदों को बातचीत से सुलझाने की जगी उम्मीद।

प्रभात खबर की सुर्खी है– आज रात दिखेगा लाल चांद का नजारा। दो हजार बाईस के बाद भारत का सबसे लम्बा पूर्ण चन्द्रग्रहण।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार सहित सभी समाचार पत्रों ने एशिया कप हॉकी से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राजगीर में पुरुषों की एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप का फाईनल आज। भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से। मैच शाम साढ़े सात बजे खेला जाएगा।

02. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से होगी शुरू।

03. विधान सभा चुनाव को लेकर राजद और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन में सीटों के बंटवारे के लिए चर्चा हुई।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सीवान जिले में पांच सौ अंठावन करोड़ पैंतीस लाख रूपये की लागत से नौ विकास योजनाओं का करेंगे शिलान्यास।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।